28 May 2025_Copy of Layout 1 5/28/2025 4:40 PM Page 1


# दैनिक नज़रिया खबर

भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त

RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 328 | देहरादून, बुधवार 28 मई, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति





## न्यूज डायरी

### पांच दिवसीय समर भाषाई कौशल कैंप का रंगारंग आगाज



**चमोली।** पीएम श्री राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज ग्वालदम का पांच दिवसीय भाषाई कौशल समर कैंप का रंगारंग उद्घाटन मुख्य अतिथि असिस्टेंट कमांडेंट जसवीर सिंह तोमर एसएसबी ग्वालदम तथा प्रधानाचार्य पी एस चौहान द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कैंप में 50 से अधिक छात्र छात्राओं का पंजीकरण किया गया कैंप का उद्देश्य भाषाई विविधता का ज्ञान कराना है जिसमें छात्र–छात्राओं को भारतीय भाषाओं जैसे गढ़वाली, कुमाऊनी,जौनसारी, पंजाबी,तेलुगू,कन्नड़ सहित कई भाषाओं का ज्ञान करवाया जाएगा। प्रथम दिवस मुख्य अतिथि असिस्टेंट कमांडेंट जसवीर सिंह तोमर द्वारा जौनसारी भाषा का ज्ञान दिया गया।

### शनिदेव महाराज की जयंती पर पूर्व सैनिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता ने किया सुन्दरकाण्ड

**चमोली।** विकासखंड पोखरी की ग्राम पंचायत सूगी में शनि देव की जयंती के अवसर पर आज पूर्व सैनिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मण सिंह खत्री ने ग्रामवासियों के सहयोग से शनि महाराज के मंदिर में सुन्दरकाण्ड का पाठ, कीर्तन भजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सूगी गांव स्थित अपने शनिदेव के मंदिर में पुजारियों द्वारा पूजा पाठ के साथ ही गढ़वाली लोकगायक मोहित सती आदि के द्वारा सुंदरकांड पाठ और कीर्तन भजन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं सहित पुरूषों व युवाओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर भंडारे को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया।

# मुख्यमंत्री ने किया तीन दिवसीय पहले गजा घण्टाकर्ण महोत्सव का शुभारंभ

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को अटल उत्कृष्ट रा.इ.का. गजा, टिहरी में आयोजित 'प्रथम' गजा घण्टाकर्ण महोत्सव–2025 का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने गजा स्थित घण्टाकर्ण मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की तथा राज्य आंदोलनकारी शहीद बेलमती चौहान की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ सभी को महोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे महोत्सव समृद्ध संस्कृति और परम्परा को आगे बढ़ाने में अद्वितीय सहयोग देते हैं। गजा घण्टाकर्ण मंदिर पौराणिक मंदिरों में से एक है। बद्रीनाथ की परिक्रमा के बाद दूसरी परिक्रमा यहां पर की जाती है। पर्यटन की दृष्टि से यह अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थल है, जहां से हरिद्वार और हिमालय के दर्शन होते हैं। उन्होंने कहा कि महोत्सव के आयोजन से यहां पर विकास की एक नई नींव पड़ रही है, जो ऐतिहासिक समृद्ध संस्कृति को आगे बढ़ाने का सराहनीय प्रयास है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का वर्ष 2047 तक विकसित भारत संकल्प का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब गांव, पंचायत, क्षेत्र, जनपद और उत्तराखण्ड विकसित होगा। राज्य सरकार विकल्प रहित संकल्प के लिए प्रयासरत है और उत्तराखण्ड को हिन्दुस्तान का सबसे श्रेष्ठ राज्य बनने से कोई नहीं रोक सकता है। भारत की अर्थव्यवस्था 11वें से चौथे स्थान पर आ गई और 2027 तक तीसरी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर कर आयेगी तथा भारत विश्वगुरू और नेतृत्व वाला देश बनेगा। आज प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में




### घंडियाल देवता मंदिर गजा से होते हैं हरिद्वार और हिमालय के दर्शन: मुख्यमंत्री धामी

भारत की संस्कृति एवं विरासत अमृतकाल में है। इस दौरान अयोध्या में भगवान राम का भव्य और दिव्य मंदिर से लेकर उज्जैन में महाकाल मंदिर, उत्तराखण्ड में बद्रीनाथ का मास्टर प्लान, केदारनाथ में पुर्ननिर्माण के कार्य, ऑल वेदर रोड़ के साथ ही सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि, उद्यान, ऊर्जा, सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने, अवस्थापना आदि अनेकों कार्य हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गजा में लगभग 30 करोड़ की लागत से पॉलीटेक्निक, 24 करोड़ की लागत से हेंवलघाटी पम्पिंग पेयजल योजना का कार्य, नगर पंचायत कार्यालय, गौशाला, विश्राम गृह का कार्य किया गया है। स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने हेतु वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट, हॉउस ऑफ हिमालय ब्रांड के उत्पादों का निर्माण किया जा रहा है। कौशल विकास में निपुण स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी बहनों के द्वारा तैयार किये गये शानदार उत्पाद विदेशी कम्पनियों को भी पीछे छोड़ रहे हैं। फार्म मशीनरी, एप्पल मिशन, नई पर्यटन नीति, नई फिल्म नीति, सौर स्वरोजगार, पर्यटन, कृषि आदि अनेकों क्षेत्रों में सम्भावना के द्वार खुल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड़ अग्रणी राज्य बनने की ओर उन्मुख है। राज्य सरकार ने कई ऐतिहासिक निर्णय लिये हैं, इनमें समान नागरिक संहिता (यूसीसी) कानून, नकल विरोधी कानून, धर्मान्तरण कानून, सख्त भू–कानून आदि शामिल हैं। भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए जीरो टॉलरेंस पर काम किया। नकल विरोधी कानून लाकर 100 से अधिक नकल माफियों को जेल भेजा है। लगभग 23 हजार नौजवानों ने नौकरियों में सफलता प्राप्त की है।

इस अवसर पर वन, तकनीकी शिक्षा, भाषा एवं निर्वाचन मंत्री सुबोध उनियाल ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों का तेजी से विकास हो रहा है।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

# चमोली में 5 वीं देव भूमि बालिका सम्मान निधि का डा . रमेशचन्द्र पुरोहित ने किया वितरण

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** डॉक्टर रमेश चन्द्र पुरोहित ( से. नि. प्राचार्य राजकीय महा विद्यालय खटीमा) द्वारा विकासखंड थराली के ग्राम पंचायत कुराड़ में 25 दिव्यांग, असहाय, अनाथ एवं अति गरीब बालिकाओं को देव भूमि सम्मान निधि की 5 वीं किश्त वितरित की गयी। डॉक्टर पुरोहित द्वारा वर्ष 2021 से लगातार अपने निजी कोष से अपने जन्म भूमि कुर में सम्मान राशि वितरित की जा रही है।

डॉक्टर पुरोहित ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें सबसे पहले अपनी जन्मभूमि से लगाव होना



चाहिए, अपने गाँव क्षेत्र के विकास के लिए सदा प्रयासरत रहना चाहिए। अपने स्तर से जो भी सहयोग बनता है करना चाहिए।

गाँव के दिव्यांग, असहाय, निर्धन एवं अनाथ बच्चो के भोजन, शिक्षा, शादी, प्रशिक्षण एवं आजीविका एवं वृद्ध जनों की आर्थिक मदद में सहयोग करने की अवश्यकता है। हमारा छोटा सा प्रयास किसी के जीवन में उम्मीद की ज्योति जला सकता है। प्रशासक प्रधान हरीश ज्योति, निवर्तमान क्षेत्र पंचायत सदस्य भास्कर पाण्डे द्वारा अपने सम्बोधन में कहा कि जिस प्रकार से डॉक्टर पुरोहित द्वारा अपनी जन्म भूमि के लिए सम्मान राशि का वितरण प्रति वर्ष किया जा रहा है, हमें भी आगे आ कर इस पुण्य कार्यक्रम में सहयोग कर अपने गाँव क्षेत्र के दिव्यांग, निर्धन एवं गरीब बेटियों के शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं शादी के लिए सहयोग करना चाहिए। रमेश चन्द्र पाण्डे, राम चन्द्र देवराड़ी, सूबेदार धर्मदत्त देवराड़ी आदि द्वारा भी अपने विचार प्रकट किये गए एवं बालिकाओं के विकास आदि के लिए जागरूकता लाने और सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर बासवानन्द पुरोहित, हिमांशु पुरोहित, उमा पुरोहित, विशम्बर दत्त देवराड़ी, लक्ष्मी पुरोहित, देवराड़ी, मनीष पुरोहित, शिबू पुरोहित, मनोज पुरोहित, तुला राम देवराड़ी, कमला देवी पुरोहित, दीप्ति पुरोहित, रूपा देवराड़ी, रोशनी देवी, गोपाल दत्त पाण्डे, नंदी देवी, फौजी दिनेश देवराड़ी, राकेश देवराड़ी, चिंता मणि देवराड़ी, परेश्वर प्रसाद देवराड़ी (अध्यापक), समस्त लाभार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे।

28 May 2025_Copy of Layout 1 5/28/2025 4:40 PM Page 2



# संपादकीय

## ऑपरेशन सिंदूर के हफ्तों बाद फिर ऐक्शन

इस महीने की शुरुआत में ऑपरेशन अभ्यास के तहत पूरे देश में मॉक ड्रिल की गई थी। राष्ट्रव्यापी मेगा सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल ऑपरेशन अभ्यास के हिस्से के रूप में कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में हवाई हमले, आग की आपात स्थिति और खोज और बचाव अभियान जैसे कई शत्रुतापूर्ण परिदृश्यों का अनुकरण करते हुए मॉक ड्रिल की गई। यह 1971 के भारत–पाक युद्ध के बाद पहली राष्ट्रीय स्तर की नागरिक सुरक्षा तैयारी गतिविधि थी। पाकिस्तान की सीमा से लगे 5 राज्यों में गुरुवार शाम को सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। सिविल ड्रिल करने वाले राज्यों में गुजरात, राजस्थान, पंजाब और जम्मू–कश्मीर शामिल हैं। यह ड्रिल भारत के ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर की गई है, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था। इस महीने की शुरुआत में श्ऑपरेशन अभ्यासश के तहत पूरे देश में मॉक ड्रिल की गई थी। राष्ट्रव्यापी मेगा सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल श्ऑपरेशन अभ्यासश के हिस्से के रूप में कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में हवाई हमले, आग की आपात स्थिति और खोज और बचाव अभियान जैसे कई शत्रुतापूर्ण परिदृश्यों का अनुकरण करते हुए मॉक ड्रिल की गई। यह 1971 के भारत–पाक युद्ध के बाद पहली राष्ट्रीय स्तर की नागरिक सुरक्षा तैयारी गतिविधि थी। नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने तथा दोनों देशों द्वारा सभी सैन्य कार्रवाई और गोलीबारी बंद करने के द्विपक्षीय समझौते पर पहुंचने के कुछ ही सप्ताह बाद आयोजित की जाएगी। सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन अभ्यास के तहत देशव्यापी नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल की घोषणा की थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। 27 मई को गुजरात के गांधीनगर में एक रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नौ आतंकवादी ठिकानों पर किए गए हमलों को रिकॉर्ड किया है, ताकि अपनी कार्रवाई का सबूत पेश किया जा सके।

# प्रभु के साथ अवकाश

हम सब जिस भी धर्म को मानते हों। सभी धर्मों के दो पहलू हैं एक बाहरी और दूसरा अंदरूनी। हर धर्म के बाहरी तौर तरीके और रस्म–रिवाज़ अलग–अलग होते हैं लेकिन अंदरूनी पहलू सभी धर्मों का एक ही है – परमात्मा की याद या ध्यान–अभ्यास। हम सभी अपने धार्मिक स्थानों पर जाकर बाहरी रीति–रिवाज़ जैसे मोमबत्ती जलाना, घंटी बजाना, खास प्रार्थना या धर्मग्रंथ पढ़ना आदि करते हैं। जिसका उद्देष्य यह है कि सभी कार्य करते हुए हमें प्रभु की तवज्जो मिले।

सभी धर्मों की शिक्षाओं के अनुसार प्रभु कहीं बाहर नहीं बल्कि हमारे अंदर विद्यमान हैं और सृष्टि के कण–कण में बसे हुए हैं। ज्यादातर लोग प्रभु को केवल कुछ खास मौकों पर ही याद करते हैं। जैसे कि त्यौहार, मुष्किल के समय में, शादी व जन्मदिन के मौके पर या कभी–कभी छुट्टियों के अवसर पर। ज्यादातर हम लोग अपनी छुट्टियों के समय में बाहर कहीं घूमने जाते हैं लेकिन यह एक ऐसा मौका होता है जब हम दूसरों की सहायता करते हैं। कुछ लोग इसे दूसरों को तोहफा देकर मनाते हैं। हालांकि तोहफों की कीमत मायने नहीं रखती बल्कि उनके पीछे



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

के विचार और प्यार मायने रखते हैं। हम कई प्रकार के तरीकों से यह बता सकते हैं कि हम उनकी कितनी परवाह करते हैं। हम किसी रोते हुए को सांत्वना दे सकते हैं, हम अपने दिल के जज़्बातों को मुस्कुराकर दर्षा सकते हैं। किसी को गले लगाकर तो किसी को प्यार से थपथपा कर, किसी को मीठे बोल बोलकर अथवा किसी की मदद कर हम उनका बोझ कम कर सकते हैं।

छुट्टियों के समय का सबसे अच्छा उपयोग करने के लिए हम संत–महात्माओं के संदेष और प्रभु से एकमेक हुए महापुरुषों का आध्यात्मिक ज्ञान पाकर अपना ध्यान प्रभु की ओर कर सकते हैं। ऐसे मौकों पर हम प्रभु से एकमेक होने के लिए अपने कदम उठा सकते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमने कैसे अपनी छुट्टियों को बिताने की योजना बनाई है। यह एक ऐसा अवसर होता है जब हम कुछ समय शांति से ध्यान–अभ्यास में बैठकर, प्रभु को पाने के लिए अपने ध्यान को अंतर्मुख कर सकते हैं।

जो लोग आध्यात्मिकता के रास्ते पर चल रहे हैं वो यह अच्छी तरह जानते हैं कि छुट्टियों का समय न केवल बाहरी चीज़ों से जुड़ने का है बल्कि अंतर के खज़ानों को पाने का भी है। इस समय हम प्रभु की दिव्य–ज्योति और श्रुति से जुड़ सकते हैं जो हमें परमात्मा के पास वापिस ले जाती है। परमात्मा हमारा अंतर में इंतज़ार कर रहे हैं। जब हम बाहरी दुनिया के प्रेम से जुड़ते हैं तब हमें परमात्मा को नहीं भूलना चाहिए क्योंकि सच्चा प्यार देने वाले परमात्मा हमारे अंतर में विराजमान हैं जो हमें बड़ी बेसब्री से अपनी बाहों में लेना चाहते हैं। परमात्मा को पाने के लिए हमें न केवल इन छुट्टियों के मौसम में बल्कि पूरे साल ध्यान–अभ्यास पर बैठना चाहिए ताकि हम अवकाष समय में प्रभु का अनुभव करते हुए अपने अंदर शांति, प्रेम और आनंद प्राप्त करें। इस तरह हम इन छुट्टियों के मौसम का भरपूर फायदा उठा सकते हैं जिसमें कि हम प्रभु के साथ हमेषा–हमेषा के लिए एकमेक हो जाएं।

# भारत का अतिथि देवो भवः बनाम अमेरिका का अतिथि अपमान भवः



## यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बाद अब दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामाफोसा से ट्रंप की ऑन कैमरा नोक झोक क्या अपमान नहीं ?

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर यह पूरी दुनियाँ जानती है कि भारतीय संस्कृति में अतिथि को देवता का स्थान दिया गया है, इसीलिए ही भारत की नम्रता एक सिंबाल है अतिथि देवो भवरू जो हमने भारत में जी–20 की मेजबानी में खूब दिखाई, जिससे इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में आए करीब 200 देश के सैकड़ो मेहमानों जिसमें राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री व प्रतिनिधि तक मेहमान नवाजी से खुश हो गए थे, और हो भी क्यों ना! क्योंकि अतिथि देवो भवरू का गुण हमारे राष्ट्रपति पीएम से लेकर अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के हृदय में समाया हुआ है।

मेरा मानना है कि निजी स्तरपर शायद इस अतिथि देवो भवरू के गुण में हो सकता है कमी आ गई हो परंतु मैं दावे के साथ कर सकता हू कि भारतीय शासकीय स्तरपर, विदेशी लीडर्स अफसर, मंत्री प्रतिनिधि जब ऑफीशियली भारत आते हैं तो राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री से लेकर मंत्रियों तक व उच्चस्तर के अधिकारियों से लेकर छोटे अधिकारियों तक भी इस प्रोटोकॉल का पालन करते है, व उस अतिथि को खूब मान सम्मान और उसकी सेवा की जाती है। हालांकि जस्टिस बीआर गवई 14 मई को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बनने के बाद 18 मई को पहली बार महाराष्ट्र गए थे। हालांकि, मुंबई में उन्हें स्टेट चीफ सेक्रेटरी, डीजीपी या मुंबई पुलिस कमिश्नर में से कोई भी रिसीव करने नहीं आए थे,जिसपर सीजेआई गवई ने नाराजगी जाहिर की थी। इस घटना के बाद महाराष्ट्र सरकार को काफी शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी। बाद में राज्य के कैबिनेट मंत्री और भाजपा के प्रदेश ने कहा कि उन्होंने प्रोटोकॉल में चूक के लिए राज्य सरकार की ओर से सीजे आई गवई से फोन पर माफी मांगी है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि गुरुवार दिनांक 22 मई 2025 को देर शाम साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति रामाफोसा व अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में ऑफिशियल मीटिंग के समय तनातनी तीखी नोक झोक की किलिप्स सोशल इलेक्ट्रॉनिक डिजिटल मीडिया पर जोरदार ढंग से वायरल हो रही है। ठीक वैसा ही व्यवहार व्हाइट हाउस में बीते दिनों फरवरी 2025 को यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी ऑफिशियल बातचीत तीखी बहस के रूप में परिवर्तित हो गई थी, इसके पूर्व 2017 में भी व्हाइट हाउस में ट्रंप व मर्केल के बीच मुलाकात के दौरान कैमरे के सामने ट्रंप नें हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था। मेरा मानना है कि यह अतिथि का अपमान है क्योंकि किसी को भी हम अपने शासकीय या निजी स्थान पर ऑफीशियली आमंत्रित करते हैं, न्योता देते हैं तो उसका मान सम्मान करना न केवल हमारा मानवीय धर्म है बल्कि प्रोटोकॉल भी है। चूंकि भारत का अतिथि देवो भवरू बनाम अमेरिका का अतिथि अपमान भावरू तथा यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बाद अब दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामाफोसा से ट्रंप की ऑन कैमरा नोक झोक क्या अपमान नहीं ?इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व के डिजिटल युग में भारतीय संस्कार संस्कृति व अतिथि देवो भवरूजैसी अनेकों परंपराओं का संज्ञान लेकर अनुसरण करना आज समय की मांग है ?

साथियों बात अगर दिनांक 22 मई 2025 को देर शाम व्हाइट हाउस में रामाफोसा व ट्रंप के बीच ऑन कैमरा तथा कथित तनातनी व अपमान की करें तो,बुधवार को डॉनल्ड ट्रंप के बुलावे पर दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा अमेरिका दौरे पर पहुंचे थे, ये दौरा मुख्य रूप से दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने पर था, लेकिन मीटिंग के दौरान एक पत्रकार ने दक्षिण अफ्रीका में कथित श्वेत नरसंहार को लेकर मुद्दा उठा दिया, दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति ने इस सवाल का जवाब देने की कोशिश की, लेकिन ट्रंप ने इसके बाद जो किया उसने सभी को चौंका दिया, उन्होंने ओवल ऑफिस की लाइटें बंद करवा दी, ट्रंप दक्षिणी अफ्रीकी राष्ट्रपति को दक्षिण अफ्रीका में अश्वेत लोगों के खिलाफ हुए कथित आंदोलन के वीडियोज दिखाने लगे, डोनल्ड ट्रंप ने पहले से ही सारे वीडियोज को एडिट करवा के रखा था,यानें सिरिल रामफोसा को अपमानित करने की उनकी मंशा साफ–साफ दिख रही थी। ट्रंप यहीं नहीं रुके, वापस जब लाइटें ऑन हुईं तो ट्रंप कई अखबारों के आर्टिकल लेकर बैठे थे, जिसमें अश्वेत लोगों की मौत की खबरें थीं, ट्रंप एक एक कर के सारे आर्टिकल दिखाने लगे। बीते 10–15 मिनट से एक के बाद एक, आरोपों के बाण झेल रहे दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति का चेहरा पूरी तरह से उतर चुका था, उन्हें देखकर कोई भी कह सकता है कि वो यहां आने के अपने फैसले पर पछता रहे थे, लेकिन ट्रंप रुकने का नाम ही नहीं ले रहे थे, वो सवाल पर सवाल दागते जा रहे थे,आखिरकार दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति ने बड़ी ही विनम्रता के साथ उन्हें पूरा मामला समझाया और इन आरोपों का जवाब भी दिया।ये पहली बार नहीं है जब ट्रंप ने घर बुलाकर किसी अंतरराष्ट्रीय नेता को बेइज्जत किया है, इससे पहले फरवरी के महीने में भी व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में ट्रंप ने अपने मेहमान यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को पूरी दुनियाँ के सामने बेइज्जत किया था।

साथियों बात अगर हम रामाफोसा व ट्रंप की मीटिंग में रिपोर्टरों के प्रश्नों के दोनों नेताओं के उत्तर की करें तो एक रिपोर्टर ने अमेरिकी राष्ट्रपति से कतर से मिले 400 मिलियन डॉलर के विमान को स्वीकार करने पर सवाल किया। रिपोर्टर ने इतना महंगे उपहार स्वीकार करने में नैतिकता आड़े आने की बात कही तो ट्रंप गुस्सा हो गए।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत का अतिथि देवो भवरू बनाम अमेरिका का अतिथि अपमान भवरूयूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बाद अब दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामाफोसा से ट्रंप की ऑन कैमरा नोक झोक क्या अपमान नहीं ?वैश्विक डिजिटल युग में भारतीय संस्कृति संस्कारों व अतिथि देवो भवरूजैसे अनेकों परंपराओं संस्कारों का संज्ञान लेकर अनुसरण करना समय की मांग।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

28 May 2025_Copy of Layout 1 5/28/2025 4:40 PM Page 3



# इंजीनियर से 1.39 करोड़ की ठगी मामले में जसपुर के दो युवक गिरफ्तार

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** चेन्नई के एक इंजीनियर से 1.39 करोड़ की धोखाधड़ी करने के मामले में जसपुर कोतवाली पुलिस और चेन्नई पुलिस ने जसपुर से अंतरराष्ट्रीय ठगी करने वाले गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

आरोपी जसपुर में एक सीएससी सेंटर चला कर लोगों का बैंक अकाउंट खोल कर उनके खाते को ठगी में इस्तेमाल करते थे। दोनों आरोपियों को चेन्नई पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर चेन्नई ले गई है। रुद्रपुर पुलिस और चेन्नई पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने चेन्नई के एक इंजीनियर से 1 करोड़ 39 लाख की धोखाधड़ी की गई थी। आरोपियों को चेन्नई पुलिस के सुपुर्द किया गया है। जनवरी 2025 में चेन्नई निवासी इंजीनियर पीके पार्थसारथी को तमिल मैट्रिमोनियल साइट पर एक महिला ने दोस्ती कर अपने प्रेम जाल में फंसाया। उसने इंजीनियर को ऑनलाइन ट्रेडिंग में निवेश का झांसा दिया और विभिन्न खातों में 1 करोड़ 39 लाख रुपये साइबर फ्रॉड के माध्यम से ट्रांसफर करवा लिए। इस धोखाधड़ी की शिकायत पीके पार्थसारथी ने साइबर पुलिस स्टेशन चेन्नई में दर्ज कराई थी।पुलिस विवेचना के दौरान यह सामने आया कि इंजीनियर के खाते से 12 लाख 43 हजार रुपये जसपुर निवासी सानिया परवीन के बैंक खाते में स्थानांतरित हुए थे। यह पैसा बाद में सानिया परवीन के खाते से वसीम के बैंक खाते में भेजा गया। वसीम, दाऊद, और तरुण भारद्वाज ने इस पैसे को नकद निकालकर 2–3 प्रतिशत कमीशन लेकर साइबर गैंग के अन्य सदस्यों–गोगा उर्फ गांधी, प्रियांशु अरोड़ा, नितिन अटवाल और मोनिश सैफी को दिया। जांच में यह भी पता चला कि वसीम, दाऊद और तरुण भारद्वाज ने मिलकर पिछले कुछ महीनों में लगभग 50–60 लाख रुपये साइबर फ्रॉड के जरिए अलग–अलग ग्राहकों के खातों में प्राप्त किए थे। जिसके बाद चेन्नई पुलिस और जसपुर कोतवाली पुलिस ने गैंग के दो सदस्य मो. वसीम, निवासी चांद मस्जिद के पास, मोहल्ला नई बस्ती, थाना जसपुर, मो. दाऊद, निवासी नहर पार, मोहल्ला नई बस्ती, थाना जसपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह जसपुर में चांद मस्जिद वाली गली में एक सीएचसी सेंटर चलाते थे। जहां वो गरीब लोगों को बहला–फुसलाकर उनके खाते खुलवाते थे और उनकी पासबुक, चेक बुक, एटीएम आदि अपने पास रख लेते थे। इन खातों का इस्तेमाल आरोपी साइबर फ्रॉड के लेन–देन में करते थे।



# 21 जून को भराड़ीसैंण में होगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** 21 जून को आयोजित होने जा रहे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम इस बार, चमोली जनपद स्थित भराड़ीसैंण विधानसभा परिसर में आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ 10 देशों के राजदूत शामिल होंगे।

निदेशक आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवाएं डॉ विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। इसी क्रम में मुख्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम चमोली जनपद में स्थित भराड़ीसैंण विधानसभा परिसर में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ 10 देशों के राजदूत भी शामिल होंगे, उक्त सभी गणमान्य 20 जून के दोपहर तक भराड़ीसैंण पहुंच जाएंगे। कुल मिलाकर मुख्य आयोजन में एक हजार से अधिक लोग प्रतिभाग करेंगे। इसलिए कार्यक्रम की व्यापकता को देखते हुए, व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके साथ ही प्रदेश भर में भी इस दिन 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भव्य स्तर पर मनाया जाएगा। योग के रूप में भारत ने दुनिया को आरोग्य और स्वस्थ्य रहने का मंत्र दिया है। इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की पहल की है।

## क्या हैं टीबी के लक्षण और कैसे करें बचाव

**देहरादून।** क्षय रोग (टीबी) एक जीवाणु संक्रमण के कारण होने वाली बीमारी है। यह आमतौर पर मनुष्य के फेफड़ों को प्रभावित करता है। फेफड़ों में सक्रिय टीबी रोग के लक्षण आमतौर पर धीरे–धीरे शुरु होते हैं और कुछ हफ्तों में बिगड़ जाते हैं।

टीवी का मुख्य लक्षण है लंबे समय तक खांसी रहना। खांसी में खून या बलगम आना, छाती में दर्द, सांस लेने या खांसने के साथ दर्द होना, बार–बार बुखार आना, भूख नहीं लगना और शरीर का लगातार कमजोर होना। ऐसे में अगर इस तरह का कोई लक्षण हो तो डॉक्टर से तुरंत संपर्क करें। टीबी रोग तब फैल सकता है जब बीमारी से पीड़ित व्यक्ति खांसता, छींकता या बोलता है। इससे रोगाणुओं के साथ छोटी बूंदें हवा में फैल सकती है।

# उत्तराखंड में लगातार बढ़ रही टीबी मरीजों की संख्या

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारत सरकार टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत टीबी उन्मूलन के लिए कई तरह के कार्यक्रम चला रही है। जिससे कि इस बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके। लेकिन टीबी के मरीजों की लगातार संख्या बढ़ने से स्वास्थ्य विभाग भी चिंतित है। टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए जन जागरूकता अभियान और टीबी मरीजों के लिए कई तरह की सुविधा उपलब्ध कराने के बाद भी टीबी रोग के मरीज लगातार सामने आ रहे हैं।

भारत सरकार ने टीबी मुक्त अभियान के तहत 100 दिन का वृहद कार्यक्रम भी चलाया था। जहां मरीजों की संख्या आने पर इस कार्यक्रम को 100 दिन के लिए और बढ़ाया है। उत्तराखंड में साल 2024 में 29 हजार 432 टीबी के मरीज सामने आए थे। इस वर्ष जनवरी 2025 से 23 अप्रैल 2025 तक 11 हजार 732 टीबी के मरीज सामने आ चुके हैं। नैनीताल जिले में भी टीबी के मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। आंकड़ों की गौर करें तो यहां साल 2023 में 1169 मरीज टीबी के रिकॉर्ड किए गए। जबकि साल 2024 में टीबी मरीजों की संख्या 3504 हो गई। बात साल 2025 की करें तो जनवरी माह से 23 मई तक 1292 मरीजों में टीबी की पुष्टि हुई।




लगातार टीबी मरीजों की संख्या उत्तराखंड में बढ़ती जा रही है जो स्वास्थ्य विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरीश पंत ने बताया कि विभाग की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने टीबी मुक्त के लिए 100 दिन का कार्यक्रम जारी किया गया था। जहां जांच के दौरान कई मरीज सामने आए हैं। यही नहीं, स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर जाकर टीबी मुक्त अभियान के तहत कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसका नतीजा है कि मरीज अधिकतर सामने आए हैं। इन मरीजों का इलाज चल रहा है और बहुत से मरीज इलाज से ठीक भी हो गए हैं।


**ESTER INDUSTRIES LTD.**

**CIN:** L24111UR1985PLC015063

**पंजीकृत कार्यालयः** सोहन नगर, पी.ओ. चारूबेटा, खटीमा – 262308, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड, **फोनः** (05943) 250153-57 **फैक्सः** (05943) 250158

**कॉर्पोरेट कार्यालयः** प्लॉट नं. 11, ब्लॉक–ए, इंफोसिटी–1, सैक्टर–34, गुड़गांव–122001, हरियाणा, **फोनः** (0124) 4572100, **फैक्सः** (0124) 4572199

**वेबसाइटः** www.esterindustries.com, **ईमेलः** investor@ester.in

**पोस्टल बैलेट की सूचना और ई–वोटिंग जानकारी**

एस्टर इंडस्ट्रीज लिमिटेड (''कंपनी'') के सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') की धारा 108 और 110 और अन्य लागू प्रावधान, यदि कोई हो, के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 एवं 22, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी किए गए सामान्य परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 22/2020 दिनांक 15 जून, 2020, 33/2020 दिनांक 28 सितम्बर, 2020, 39/2020 दिनांक 31 दिसम्बर, 2020, 10/2021 दिनांक 23 जून, 2021, 20/2021 दिनांक 8 दिसम्बर, 2021, 3/2022 दिनांक 5 मई, 2022, 11/2022 दिनांक 28 दिसम्बर, 2022, 9/2023 दिनांक 25 सितंबर, 2023 और नवीनतम 09/2024 दिनांक 19 सितंबर, 2024 **(''एमसीए परिपत्र'')**, भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी आम बैठकों पर सचिवीय मानक **(''एसएस–2'')**, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 **(''सेबी लिस्टिंग विनियम'')** एवं अधिनियम के सभी अन्य लागू प्रावधानों उस पर जारी किए गए अधिनियम, कानून, परिपत्र, अधिसूचना एवं विनियम (समय–समय पर उस पर जारी कोई सांविधिक संशोधन या सुधार या पुनःअधिनियमन सहित) के प्रावधानों के अनुसरण में निम्नलिखित मदों के लिए विशेष प्रस्ताव के माध्यम से विशेष व्यवसाय हेतु इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (रिमोट ई–वोटिंग) के माध्यम से डाक मतपत्र द्वारा कंपनी के सदस्यों का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए सूचना भेजी गई हैः

1 श्रीमती पद्मजा शैलेन रूपारेल (डीआईएनः 01383513) की कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में पुनः नियुक्ति।

2 श्री अभय अनंत गुप्ते (डीआईएनः 00389288) की कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति।

कंपनी ने उपरोक्त वर्णित डाक मतपत्र सूचना उन सदस्यों को भेजने का कार्य मंगलवार, 27 मई, 2025 को पूरा कर लिया है जिनके नाम शुक्रवार, 23 मई, 2025 (कट–ऑफ तिथि) को सदस्यों के रजिस्टर/डिपॉजिटरीज तैयार किए गए लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में शामिल हैं और जिन्होंने कंपनी/रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट ('आरटीए')/डिपॉजिटरी प्रतिभागी(यों) के पास अपना ई–मेल पता पंजीकृत किया है। डाक मतपत्र फार्म और पूर्व–भुग्तेय व्यवसाय उत्तर लिफाफे के साथ सूचना की भौतिक प्रतियां एमसीए परिपत्रों में दी गई छूट के अनुपालन में इस डाक मतपत्र के साथ सदस्यों को नहीं भेजी जा रही हैं।

सूचना कंपनी की वेबसाइट www.esterindustries.com, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट यानी बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड क्रमशः www.bseindia.com एवं www.nseindia.com और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है।

कंपनी अपने सदस्यों को एनएसडीएल द्वारा प्रदान की गई ई–वोटिंग सेवाओं के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक पद्धति द्वारा अपना वोट देने की सुविधा प्रदान करती है। ई–वोटिंग के लिए विस्तृत दिशानिर्देश सूचना में दिये गये हैं।

रिमोट ई–वोटिंग निम्नलिखित अवधि के दौरान उपलब्ध होगीः

| | |
|---|---|
| **ई–वोटिंग प्रारंभ** | **बुधवार, 28 मई, 2025 को प्रातः 9.00 बजे (आईएसटी)** |
| **ई–वोटिंग समाप्त** | **गुरूवार, 26 जून, 2025 को सायं 5.00 बजे (आईएसटी)** |

इसके बाद एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूटल हटा दिया जाएगा। इस अवधि के दौरान **शुक्रवार, 23 मई, 2025 (कट–ऑफ तिथि)** को चाहे भौतिक प्रारूप या डिमेटिरियलाइज्ड प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यगण ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट दे सकते हैं।

सदस्य द्वारा एक बार प्रस्ताव पर वोट देने के बाद सदस्य को बाद में उसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सदस्यों का वोटिंग अधिकार कट–ऑफ तिथि अर्थात् शुक्रवार, 23 मई, 2025 को कंपनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी के उनके शेयर के आनुपातिक होगा। ऐसा व्यक्ति जो कट–ऑफ तिथि को सदस्य नहीं है, वह इसे केवल सूचना का प्रयोजन मात्र समझे।

शेयरधारक जिन्होंने अभी तक अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं कराया हैं उनसे अनुरोध है कि वे नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करके अपना ई–मेल पता पंजीकृत कराएंः

क) भौतिक प्रारूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे विधिवत भरा गया फॉर्म आईएसआर–1 (कंपनी की वेबसाइट https://www.esterindustries.com/sites/default/files/ISR-1.pdf पर उपलब्ध) के साथ अपने ईमेल पते को पंजीकृत/अपडेट करें, साथ ही पैन कार्ड की स्वयं सत्यापित प्रति और सदस्य के पते के समर्थन में किसी भी दस्तावेज़ (जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, मतदान पहचान पत्र, पासपोर्ट) की स्वयं सत्यापित प्रति कंपनी/आरटीए को investor@ester.in या investor@masserv.com पर भेजें।

ख) डिमेटिरियलाइज्ड प्रारूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी के पास अपना ई–मेल पता पंजीकृत/अपडेट कराएं।

कंपनी के निदेशक मंडल ने डाक मतपत्र प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए श्री आकाश जैन, पेशेवर कंपनी सचिव को संवीक्षक के रूप मे नियुक्त किया है।

संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से आयोजित वोटिंग का परिणाम डाक मतपत्र की समाप्ति के दो (2) दिनों के भीतर घोषित किया जाएगा और इसकी सूचना एनएसई एवं बीएसई को भी दी जाएगी और इसे कंपनी एवं एनएसडीएल की वेबसाइट क्रमशः www.esterindustries.com एवं www.evoting.nsdl.com पर भी प्रकाशित किया जाएगा।

ई–वोटिंग या डाक मतपत्र के संबंध में किसी भी प्रकार की पूछताछ करने या परेशानी होने पर आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सैक्शन पर उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (''एफएक्यू'') और ई–वोटिंग मैनुअल का अवलोकन कर सकते हैं या 022 – 48867000 पर कॉल कर सकते हैं या सुश्री पल्लवी महात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक, एनएसडीएल के पास evoting@nsdl.com पर अनुरोध भेज सकते हैं। इसके अलावा सदस्यगण मैसर्स मास सर्विसेज लिमिटेड, कंपनी के आरटीए, टी–34, दूसरा तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज–2, नई दिल्ली–110020, फोनः 011 26387281/82/83, फैक्सः 011 26387384 या ई–मेल investor@masserv.com पर संपर्क कर सकते हैं।

**कृते एस्टर इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
**हस्ता./–**
**पूर्णिमा गुप्ता**
**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**

**स्थानः गुरूग्राम**
**दिनांकः 27 मई, 2025**

28 May 2025_Copy of Layout 1 5/28/2025 4:40 PM Page 4



# सचिव समिति की बैठक में कोविड संक्रमण, विकसित भारत जैसे विषयों पर चर्चा, अधिकारियों को दिए निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में सचिव समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान सभी जनपदों के जिलाधिकारी भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर. राजेश कुमार से कोविड संक्रमण के विषय पर विस्तृत जानकारी ली।



बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने गवर्निंग काउंसिल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के भाषण की मुख्य बातों पर ध्यान आकर्षित किया। मुख्य सचिव ने कहा कि विकसित भारत 2047 के लिए विकसित ग्राम, विकसित शहर, विकसित जनपद की तर्ज पर कार्य किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए सभी जनपदों द्वारा अपना प्लान तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि अगले 10 वर्षों के लिए भी सभी जनपदों द्वारा अपने लक्ष्य निर्धारित किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राज्य को एक स्थान को चिन्हित कर उसे वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाना होगा। इस दिशा में कार्य शीघ्र शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उत्पादित वस्तुओं के निर्यात बढ़ाने के साथ ही, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दिये जाने पर जोर दिया जाए। इसके लिए उद्योग विभाग द्वारा योजना तैयार की जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि 21वीं सदी प्रौद्योगिकी संचालित सदी है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी योजनाओं और कार्यों में नई प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग करते हुए, आम जनमानस तक सरकारी योजनाओं और कार्यों का लाभ समय पर आमजन तक पहुंचाना है। उन्होंने ईवी सेक्टर के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश के भीतर इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की दिशा में कार्य किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नई–नई तकनीकों के प्रशिक्षण को अपनी शिक्षा और कौशल विकास से जोड़े जाने की जरूरत है। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में वैदिक गणित को भी बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए उच्च शिक्षा, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा द्वारा मिलकर वैदिक गणित के क्षेत्र में कार्य किया जाए। उन्होंने पांडुलिपियों के डिजिटाईजेशन किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने संस्कृति विभाग को निर्देश दिए कि पांडुलिपियों को डिजिटल एवं फिजिकल दोनों प्रकार से संरक्षित किया जाए। उन्होंने गृह एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से प्रदेश में स्टेट कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉंस टीम भी तैयार किए जाने की बात कही। कहा कि प्रदेश में इस के लिए एक मजबूत ईको सिस्टम तैयार किया जाए। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जनपद अपने दीर्घकालिक एवं लैगेसी मुद्दों को चिन्हित कर सम्बन्धित विभागों को भेजें। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों को उच्च स्तर पर निस्तारित करने का प्रयास किया जाएगा।

## भारत में सोशल इनोवेटर्स को सशक्त करने और उनका समर्थन करने के लिए प्रदान किए जाएंगे 2 करोड़ रुपये

**देहरादून।** इन्फोसिस की परोपकारी कार्य करने वाली और सीएसआर इकाई इन्फोसिस फाउंडेशन ने अपने आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड के चौथे संस्करण को लॉन्च करने का एलान किया है। भारत में सोशल इनोवेशन को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए इन्फोसिस फाउंडेशन ने इस अवार्ड में हिस्सा लेने के लिए देशभर से इनोवेटर्स एवं सामाजिक उद्यमियों को आमंत्रित किया है। आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड के चौथे संस्करण के लिए आवेदन 24 अप्रैल, 2025 से स्वीकार किए जा रहे हैं। 15 जून, 2025 तक इसके लिए आवेदन किया जा सकता है। 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी भारतीय नागरिक जो भारत में रह रहे हैं, इसके लिए आवेदन करने के पात्र हैं। प्रतिभागी वीडियो बनाकर अपने कार्य के बारे में विस्तार से बताते हुए आवेदन कर सकते हैं। वीडियो को आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड वेबसाइट पर अपलोड किया जा सकता है।

# कोविड लक्षण वाले सभी मरीजों की जांच अनिवार्य, सरकार ने जारी किए दिशा-निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** देश के कई राज्यों में कोविड संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ने पर उत्तराखंड प्रदेश सरकार भी सतर्क हो गई है। कोविड़ लक्षण वाले सभी मरीजों की रैपिड टेस्ट और आरटीपीसीआर जांच अनिवार्य रूप से की जाएगी। इस संबंध में सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर. राजेश कुमार ने स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ कोविड़ प्रबंधन की समीक्षा बैठक कर दिशा–निर्देश दिए।

बैठक में स्वास्थ्य सचिव ने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी कोविड़ जांच केंद्रों में रैपिड व आरटीपीसीआर किट उपलब्ध कराई जाए। बैठक में महानिदेशक चिकित्सा डॉ. सुनीता टम्टा, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना, सहायक निदेशक डॉ. पंकज सिंह, सीएमओ देहरादून डॉ. मनोज शर्मा, दून मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ. आरएस बिष्ट मौजूद रहे।

स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में कोविड़ नियंत्रण में है। उन्होंने प्रदेश के सभी अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्र व राजकीय मेडिकल कॉलेज में कोविड़ के उपचार व रोकथाम के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जांच में तेजी लाने के साथ निगरानी तंत्र को मजबूत किया जाए। कोविड़ मरीजों के उपचार के लिए आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन सिलिंडर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, बाइपैप मशीन, वेंटिलेटर, आईसीयू बेड, ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट के साथ आवश्यक दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो।

# केदार आ रहे भक्तों को मिल रहे निःशुल्क डिस्पोजल बैग

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** केदारनाथ धाम की पवित्र यात्रा निर्विघ्न संचालित हो रही है। श्रद्धालुओं में भारी उत्साह और आस्था का वातावरण बना हुआ है। अब तक साढ़े पांच लाख से अधिक तीर्थ यात्री बाबा केदारनाथ के दर्शन कर चुके हैं। श्रद्धा, विश्वास और आस्था से परिपूर्ण यह यात्रा प्रदेश के लिए एक गौरव का विषय बन चुकी है।



यात्रा को सफल एवं सुगम बनाने में जिला प्रशासन की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। प्रशासन की ओर से यात्रा मार्ग में आने–जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर पेयजल, विश्राम, शौचालय और सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल, एसडीआरएफ और राहत दल लगातार तैनात हैं, ताकि किसी भी स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। स्वच्छता को लेकर भी जिला प्रशासन और जिला पंचायत गंभीरता से कार्य कर रही है।

यात्रा मार्ग और धाम क्षेत्र को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाए रखने के लिए कूड़े के उचित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस क्रम में जिला पंचायत और अर्थ एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एक विशेष पहल शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत तीर्थ यात्रियों को निःशुल्क डिस्पोजल बैग वितरित किए जा रहे हैं। इन बैगों के माध्यम से श्रद्धालु अपने साथ उत्पन्न कचरे को सहज रूप से संग्रहित कर निर्धारित स्थलों पर रख सकते हैं, जिससे क्षेत्र की स्वच्छता बनी रहे। इस पहल से तीर्थ यात्रियों को भी सुविधा मिल रही है और वे जागरूक होकर स्वच्छता अभियान में योगदान दे रहे हैं।

# लेखपाल संघ के आह्वान पर प्रदेशभर के पटवारी तीन दिवसीय हड़ताल पर, राजस्व कार्य हुए ठप

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** लेखपाल संघ के आह्वान पर प्रदेशभर के पटवारी और लेखपाल तीन दिवसीय हड़ताल पर बैठ गए हैं। मंगलवार से शुरू हुई इस हड़ताल का असर जिला व तहसील स्तर पर राजस्व से जुड़े कार्यों पर साफ़ दिखाई दे रहा है।



पटवारियों की हड़ताल के चलते भूमि अभिलेखों का सत्यापन, विरासत, नामांतरण, भू–नक्शा व खतौनी अद्यतन जैसे अहम कार्य पूरी तरह से ठप हो गए हैं। लेखपाल संघ का कहना है कि वे पुरानी लंबित मांगों को लेकर बार–बार सरकार से संवाद कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। यदि जल्द वार्ता न हुई तो आंदोलन को और तेज़ किया जाएगा। इस हड़ताल से राजस्व विभाग के दैनिक कार्यों पर सीधा असर पड़ा है, जिससे आम नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उत्तराखंड लेखपाल संघ के आह्वान पर प्रदेशभर के पटवारी और लेखपाल तीन दिवसीय हड़ताल पर चले गए हैं। इस हड़ताल से राजस्व विभाग के महत्वपूर्ण कार्य ठप्प हो गए हैं और आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताल का मुख्य कारण सरकार द्वारा दिए गए खतौनी अद्यतन के निर्देश हैं, जिसे लेकर लेखपालों में भारी नाराजगी है।

लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष देवेश घिल्डियाल का कहना है कि सरकार ने लेखपालों को तत्काल प्रभाव से वह खतौनी तैयार करने का आदेश दिया है, जिसमें सामान्य रूप से तीन से चार साल का समय लगता है। उन्होंने कहा कि यह कार्य बिना किसी अतिरिक्त तकनीकी सहयोग, स्टाफ या संसाधनों के असंभव है। लेखपालों का कहना है कि वे राजस्व प्रबंधन में तकनीकी सुधारों के पक्ष में हैं, लेकिन बिना तैयारी और संसाधन के इस तरह का दबाव जमीनी स्तर पर कार्य को असंभव बना देता है। लेखपाल संघ ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने जल्द ठोस वार्ता नहीं की, तो हड़ताल को अनिश्चितकालीन रूप दिया जा सकता है। संघ का आरोप है कि न तो उन्हें तकनीकी स्टाफ मुहैया कराया गया है, न ही आवश्यक सॉफ्टवेयर या डाटा इंट्री की पर्याप्त सुविधा।

# उर्गमघाटी : गौरा देवी पर्यावरण, प्रकृति एवं पर्यटन विकास मेले को भव्य बनाने के लिये हुई बैठक आयोजित

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** चमोली जिले के विकासखण्ड ज्योर्तिमठ के उर्गमघाटी में हर वर्ष पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर गौरा देवी पर्यावरण, प्रकृति एवं पर्यटन मेले का भव्य आयोजन किया जाता है।

मेले में प्रकृति संरक्षण का संदेश देने के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए समाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी मेले को भव्य बनाने के लिए समिति व ग्रामीणों द्वारा बैठक का आयोजन कर तैयारियां शुरू कर दी गई है। 28 वां गौरा देवी पर्यावरण एवं प्रकृति पर्यटन विकास मेले की तैयारी बैठक में पूर्व प्रमुख हरीश परमार एवं कल्प क्षेत्र विकास आंदोलन के अध्यक्ष शंकर सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न की गई।



बैठक में महिला मंगल दल युवक मंगल दलों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसमें विलुप्त हो रहे लोकगीतों लोक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

बच्चों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण आधारित भाषण नृत्य नाटिका मेरी भूमि मेरी माटी पर नाटिका वन अग्नि सुरक्षा के विषयों पर लोकगीत एवं लघु नाटिकाएं प्रस्तुत की जाएंगी जो सीनियर जूनियर प्राथमिक वर्ग के बच्चों के द्वारा अपनी प्रस्तुति 5 जून को दिया जाएगा। खाद्य व्यंजन प्रतियोगिता विलुप्त हो रहे खाद्य सामग्री पर आधारित होगा, विकास विभागों के द्वारा विभिन्न स्टालों लगाए जायेगा। पर्यावरण संरक्षण, समाजिक, साहित्य, कला एवं पत्रकारिता में उत्कृ ष्ट कार्य करने वाले लोगों को गौरा देवी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

दो दिवसीय मेले में आमंत्रण राज्य के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री वन मंत्री एवं बदरीनाथ के विधायक इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं को इस मेले में आमंत्रण किया गया है। मेले संचालन के लिए विभिन्न समितियां का गठन किया गया है जो खेल प्रतियोगिता अन्य सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन करेगी। बैठक में जैव विविधता संरक्षण के संबंध में भी चर्चा हुई।

बैठक में प्रधान संगठन के पूर्व अध्यक्ष अनूप नेगी, राजेंद्र सिंह रावत, पूर्व प्रधान उर्गम मिकल, सरपंच संगठन ज्योर्तिमठ के प्रकाश पंवार, वन पंचायत सरपंच उर्गम सत्येंद्र पंवार, महिला संगठन के गोदावरी देवी, नंदी देवी, भवानी देवी, नंदा सिंह नेगी, प्रकाश नेगी, रघुवीर सिंह चौहान, चंद्र मोहन सिंह, नागेंद्र सिंह नेगी लोक गायिका देवैशवरी देवी, कल्पेश्वर कला मंच के चन्द्रशेखर, हेमा, सोनी देवी, आशा देवी, वादर लाल, मनहोर पंवार, कुन्दन सिंह, हीरा सिंह, उजागर सिंह, सहित 50 से अधिक लोग बैठक में उपस्थित थे। बैठक का संचालन लक्ष्मण सिंह नेगी द्वारा किया गया।

## डॉ पीएस नागपाल ने लालकुआं ट्रेनिंग सेंटर के प्रभारी अधिकारी का संभाला चार्ज

**लालकुआं।** सहकारी डेयरी फेडरेशन संस्थान लालकुआं के नवनियुक्त प्रभारी अधिकारी डॉ पीएस नागपाल ने यहां पहुंच कर अपना कार्यभार ग्रहण करते हुए प्रशिक्षण संस्थान के चौमुखी विकास एवं राज्य के किसानों को गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण देने के कार्य को तेज गति प्रदान करने की बात कही है। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड सहकारी डेयरी फेडरेशन के प्रबंध निदेशक जयदीप अरोड़ा ने सहकारी डेयरी प्रशिक्षण संस्थान लालकुआं के प्रभारी अधिकारी डॉ कुमार अजीत सिंह का स्थानांतरण दुग्ध निरीक्षक कार्यालय सहायक निदेशक डेयरी विकास विभाग चंपावत के पद पर किया है, उनके स्थान पर यहां डॉ पीएस नागपाल जोकि प्रबंधक, पीएण्डआई, यूसीडीएफ, लि०, हल्द्वानी के पद पर सेवारत हैं, को अपने कार्यों के साथ–साथ प्रभारी अधिकारी, सहकारी डेरी प्रशिक्षण संस्थान लालकुआं (नैनीताल) के समस्त कार्यों को सम्पादित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# बिंदुखत्ता के एक ही परिवार के दो बच्चों का सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में हुआ चयन

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** चाइल्ड सैक्रेड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बिंदुखत्ता के दो होनहार बच्चोंकृप्राची रावत (कक्षा 9) और विनीत रावत (कक्षा 6)कृका चयन देश के प्रतिष्ठित घोड़ाखाल सैनिक स्कूल में हुआ है। यह दोनों एक ही परिवार के है, इस ऐतिहासिक सफलता से विद्यालय और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

यहां पूर्वी राजीव नगर घोड़ानाला, बिंदुखत्ता निवासी भगवत सिंह रावत के दो होनहार बच्चोंकृप्राची रावत (कक्षा 9) और विनीत रावत (कक्षा 6)कृका चयन भवाली स्थित घोड़ाखाल सैनिक स्कूल में हुआ है। यह दोनों विद्यार्थी चाइल्ड सैक्रेड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, के छात्र–छात्रा हैं, जो एक ही परिवार से है इस ऐतिहासिक सफलता से विद्यालय और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और अभिभावकों ने रावत परिवार को बधाइयाँ दीं और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शुभकामनाएं देने वालों में सांसद अजय भट्ट, विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, पूर्व विधायक नवीन दुम्का, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी, विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. प्रीति सिंह, मैनेजमेंट डायरेक्टर सुनीता पांडे, विद्यालय अध्यक्ष बीसी भट्ट तथा प्रबंधक बसंत बल्लभ पांडे सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

# तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा का भव्य आयोजन किया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** आज दिनांक 21 मई को राजपुर विधानसभा के डालनवाला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती पूनम शर्मा के नेतृत्व में एवं विधायक खजान दास के मार्गदर्शन में तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा एमकेपी कॉलेज से कचहरी स्थित शहीद स्थल तक भव्य यात्रा का आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ों की संख्या में पूर्व सैनिक आम जनमानस ने भाग लिया।




सम्मानित विधायक श्री खजान दास जी ने कहा कि आज पूरा देश हमारे वीर जवानों और देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सशक्त नेतृत्व पर गर्व कर रहा है तिरंगा यात्रा का उद्देश भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य पराक्रम ,समर्पण, ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता और राष्ट्रीय गौरव को जन जन तक पहुंचाना है। महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल जी ने कहा कि तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा में गौरव और राष्ट्र भक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर यात्रा निकाली जा रही है यह नया भारत है इसमें वीर सपूत सैनिकों द्वारा घर में घुसकर मारना ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को पूरी दुनिया ने देखा है हम अपने वीर जवानों को सादर नमन करते हैं। शौर्य सम्मान यात्रा में महानगर के निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा राष्ट्रीय महामंत्री महिला मोर्चा श्रीमती दीप्ति रावत राज्य मंत्री मधु भट्ट ,भगवत प्रसाद मकवाना, महामंत्री राहुल पवार रानी सैनी पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशोक वर्मा जी सुनील शर्मा संदीप मुखर्जी जयपाल बाल्मीकि विशाल गुप्ता गुरप्रीत छाबड़ा अजय तिवारी रोहन चंदेल आशीष नागरथ हरीश डोरा सत्यम शर्मा अशोक राठौर मंजू चौहान विनोद ओम पाल रावत चरणजीत कमला रावत नेगी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गौचर के सांस्कृतिक मंच पर अहिल्याबाई होलकर का त्रिशताब्दी समारोह धूमधाम से मनाया

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नगरपालिका क्षेत्र गौचर के मेला मंच पर भारतीय जनता पार्टी संगठन जनपद चमोली द्वारा पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर का त्रिशताब्दी समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शोभा यात्रा निकली गई तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किऐ गये।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व सांसद तीरथ सिंह रावत एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं केदारनाथ विधायक श्रीमती आशा नौटियाल उपस्थित रही। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शशि देवली ने अहिल्याबाई होलकर जी के द्वारा किए गये सामाजिक कार्यों की सराहना की गई एवं अहिल्याबाई जी द्वारा गौचर की भूमि को दान स्वरूप गौ चरान के लिए दान किया गया था यह जानकारी कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को दी गई।

वहीं मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री तीर्थ सिंह रावत के द्वारा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करते हुए उनके कार्यों को जनता के समक्ष रखा गया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आशा नौटियाल के भारतीय जनता पार्टी द्वारा अहिल्याबाई एवं अन्य महापुरुषों की जयंती कार्यक्रमों की व्याख्या की गई।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष गजपाल बर्तवाल, भाजपा गौचर नगर मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र नेगी, दर्जाधारी मंत्री हरक सिंह नेगी, दर्जाधारी मंत्री रामचंद्र गौड़, दर्जाधारी मंत्री एवं जनपद के प्रभारी विजय कप्रवाण, पूर्व विधायक बद्रीनाथ राजेंद्र भंडारी, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, भाजपा मंडल महामंत्री नितेश चौधरी, ईश्वर नेगी, दर्शन कंडारी, सुरेंद्र पुंडीर, वीरेंद्र नेगी, अजय बिष्ट, रंजन नेगी, सभाषद चेतन बिष्ट, पूर्व सभाषद अनिल नेगी, पवित्र बिष्ट, जयंती देवी, काजल भंडारी, कृष्णा रावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष जयकृत बिष्ट, गजेंद्र नयाल, अनूप नेगी, नवीन टाकुली,बलवंत सिंह, महेंद्र राणा, लक्ष्मण रावत आदि उपस्थित थे।

28 May 2025_Copy of Layout 1 5/28/2025 4:40 PM Page 6



# रानीगढ़ पट्टी की आराध्य देवराड़ी देवी अपनी देवरा यात्रा के अंतिम पड़ाव मायका गांव जलगांव पहुंची

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** रानीगढ़ पट्टी की मां भगवती आदिशक्ति देवराड़ी देवी अपने ससुराली गांव काण्डेय से विदा होते हुऐ अपने अंतिम पड़ाव मायके जलगांव पहुंची। मायके के लोगों द्वारा अपनी लाडली देवराड़ी देवी का पुष्प वर्षा से स्वागत करते हुए घर गांव में सुख समृद्धि और खुशहाली बनी रहने की मनौतियां मांगी। तथा देवी की पूजा अर्चना करते हुये श्रृंगार सामग्री भेंट की।



12 साल बाद 6 माह की देवरा यात्रा पर निकली रानीगढ़ पट्टी की आराध्य देवराड़ी देवी ने सैकड़ों गांवों का भ्रमण करते हुए अपने भक्तों और दियाड़ियो को दर्शन व आशीर्वाद दिया। बीते रोज देवराड़ी देवी ग्राम श्रीकोट का भ्रमण करते हुए रात्रि विश्राम के लिये अपने ससुराली गांव काण्डई पहुंची और आज ससुराली गांव से विदा होते हुए अपने अंतिम पड़ाव मायके के गांव जलगांव पहुंची जहां पर देवी मां का मायके के लोगों द्वारा देवी का जयघोष के साथ भव्य स्वागत किया गया। देवरा यात्रा समिति के अध्यक्ष उम्मेदसिंह चौधरी ने बताया कि कल से देवी मां बनातोली मंड़प में जायेगी जहां पर नित्य पूजा पाठ धार्मिक क्रियाकलाप व अनुष्ठान आदि कार्यक्रम संपन्न होंगे और 5 जून को देवी मां अपने गर्भगृह में विराजमान हो जायेंगी।

इस अवसर पर के, सी, केडियाल, अनुसूया केडियाल, कैलाश केडियाल, भोला दत्त केडियाल, जगदीश केडियाल, राकेश केडियाल तथा देवरा समिति के अध्यक्ष उमेद चौधरी, पुजारी यमुना देवली, भोगशास्त्री भगवती प्रसाद खंडूरी, गड़वे आशीष पांडे, जयपल राणा, माता के पार्श्व संजय राणा, दिग्पाल चौधरी, गणेश, प्रकाश, सुखदेव, गंगा सिंह, एरवाले सौरभ और साहिल, भोग शास्त्री भगवती प्रसाद खंडूड़ी आदि मौजूद रहे।



# विधायक अनिल नौटियाल ने ग्राम्य विकास मंत्री से की भेंट कर पीएमजीएसवाई में सड़कों और पुलों के विषय पर की चर्चा

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विधायक अनिल नौटियाल ने बीते रोज ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी के कैंप कार्यालय में भेंट कर अपने कर्णप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत सड़कों और पुलों के निर्माण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।

इस दौरान विधायक अनिल नौटियाल ने बकरियाबैंड से छिमटा, जंगलचट्टी (खेती) से सिराना, गॉल से मठकोट, बुंगीधार मेहलचोरी बछुआबाण से कोलानी और देवपुरी तक के पांच मोटर मार्गों के संबंध में बताया कि इन क्षेत्रों में बने पुलों के साथ अप्रोच रोड का कार्य अधूरा पड़ा है। इसके अलावा, विधायक ने लाटूगैर से नैणी (3.5 किमी) और स्यूंणी मल्ली (4.5 किमी) सड़कों की खस्ताहाल स्थिति पर भी ध्यान आकर्षित किया।

इस पर ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने पीएमजीएसवाई के मुख्य अभियंता को निर्देश दिए कि वे तुरंत क्षेत्र का दौरा करें और अप्रोच रोड का कार्य शीघ्र पूरा करें, ताकि स्थानीय निवासियों को इन पुलों का पूरा लाभ मिल सके। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़कों की मरम्मत का कार्य तत्काल शुरू किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्वयं फील्ड विजिट करने के लिए भी कहा।

# बालिका इंटर कालेज में घुसे व्यक्ति एवं पुलिस से उलझ रहे उसके बेटे का शांति भंग में हुआ चालान

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज तिवारीनगर बिंदुखत्ता में अर्ध नग्न होकर घुसे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, वह अर्धनग्न हालत में विद्यालय परिसर में हंगामा कर रहा था। बाद में चौकी परिसर में उक्त व्यक्ति एवं उसका बेटा पुलिस कर्मियों से उलझ गया, जिसके बाद पुलिस ने दोनों का शांति भंग के तहत चालान कर दिया है।

हाट कालिका बालिका इंटर कॉलेज स्टाफ द्वारा पुलिस को दी गई सूचना में बताया गया कि अर्धनग्न हालत में विद्यालय में घुसा एक व्यक्ति प्रधानाध्यापिका से भी गाली गलौज कर रहा है। जिससे कॉलेज में अफरातफरी मची हुई है। चूँकि उक्त विद्यालय छात्राओं का है, उक्त व्यक्ति की हरकतों को देखकर छात्राएं भी डरी हुई है।

इसके बाद उसे चौकी में लाया गया तथा वहां स्कूल पक्ष एवं उक्त व्यक्ति के परिजनों को बुलाकर बातचीत कराने का प्रयास किया गया, परंतु इससे बात और बिगड़ गई, उक्त व्यक्ति एवं उसके बेटे द्वारा दूसरे पक्ष से झगड़ा करने के साथ–साथ पुलिस कर्मियों से भी अभद्रता करनी शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस ने शांति भंग के तहत कानूनी कार्रवाई कर दी। चौकी प्रभारी सोमेंद्र सिंह का कहना है कि आरोपी स्कूल के पड़ोस में ही रहता है, और लंबे समय से स्कूल प्रबंधन से उसका मन मुटाव चल रहा है, चौकी में दोनों पक्षों को बुलाकर बातचीत का माहौल बनाया गया।

# जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने चारधाम यात्रा मार्ग पर यात्रियों की सुविधा के लिए उठाया एक महत्वपूर्ण कदम

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उन्होंने उत्तराखंड ग्रामीण बैंक और उत्तराखंड सहकारी बैंक की मोबाइल एटीएम वैन सेवा शुरू की है, जो जोशीमठ से बद्रीनाथ धाम तक प्रतिदिन यात्रियों को अपनी सेवाएँ प्रदान करेगी। इस मोबाइल एटीएम सेवा के तहत, उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की एटीएम बद्रीनाथ धाम में और उत्तराखंड सहकारी बैंक की एटीएम हेमकुंड साहिब जाने वाले यात्रियों के लिए गोविंद घाट में उपलब्ध होगी।



यह सेवा यात्रियों के लिए एक बड़ी राहत है, जो अब अपने गंतव्य तक पहुँचने के लिए आसानी से नकदी प्राप्त कर सकते हैं। उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के जोशीमठ शाखा प्रबंधक अमित किमोटी ने बताया कि उनकी मोबाइल एटीएम सेवा से प्रतिदिन पाँच लाख रुपये से अधिक का कैश यात्रियों द्वारा निकाला जाता है। उन्होंने कहा कि यात्री इस सेवा से काफी खुश हैं और चमोली प्रशासन का आभार व्यक्त करते हैं। चारधाम यात्रा पर आए यात्री इस मोबाइल एटीएम सेवा को देखकर काफी खुश हो जाते हैं और इस व्यवस्था के लिए धन्यवाद करते हैं। यह सेवा न केवल यात्रियों की सुविधा के लिए बल्कि यह भी सुनिश्चित करती है कि उन्हें अपने गंतव्य तक पहुँचने के लिए पर्याप्त नकदी उपलब्ध हो। जिलाधिकारी संदीप तिवारी के इस कदम की सराहना करते हुए, यात्री और स्थानीय लोग इस सेवा को एक महत्वपूर्ण पहल मानते हैं। यह सेवा चारधाम यात्रा को और भी सुविधाजनक बनाने में मदद करेगी।

# राजकीय सहायता पर काश्तकारों को उपलब्ध करवा रही मौन कॉलोनी

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में मौन पालन काश्तकारों की आर्थिकी का मजबूत आधार बनने लगा है। मौन पालन कर काश्तकार कम लागत में अपनी आय बढ़ा रहे है। चमोली जिले में सरकार की ओर से संचालित मौन पालन योजना के तहत 505 काश्तकार मधुमक्खी पालन कर शहद का उत्पादन कर रहे हैं।



उद्यान विभाग के पीडीओ चमोली योगेश भट्ट ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से काश्तकारों की आय बढ़ाने की मंशा से मौन पालन योजना का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत सरकार की ओर से 40 प्रतिशत राजकीय सहायता पर मौन कॉलोनी (बॉक्स) उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही योजना में आवेदन करने वाले काश्तकारों को मधुमक्खी पालन का सात दिवसीय प्रशिक्षण देने के साथ ही 1050 रुपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जा रही है। बताया कि उद्यान विभाग की ओर से चमोली जनपद के 505 काश्तकारों के साथ मौन पालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि काश्तकार मधुमक्खी पालन कर वर्तमान में करीब 249.48 कुंतल शहद का उत्पादन कर रहे हैं। गोपेश्वर निवासी रोहितास पुरोहित का कहना है कि वर्ष 2023 में एक मौन कॉलोनी (बॉक्स) के साथ काम शुरु किया था। जिसके बाद उद्यान विभाग की ओर से मिले प्रशिक्षण के साथ वर्तमान में 25 मौन कॉलोनियों (बॉक्स) के साथ काम कर रहा हूं।

# चमोली में संचार सेवा विस्तार और सड़कों के निर्माण की गढवाल सांसद ने ली जानकारी

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** चमोली जनपद के संचार विहीन क्षेत्रों में संचार बहाली के लिऐ किये जा रहे कार्यों को लेकर गढवाल सांसद अनिल बलूनी ने जिलाधिकारी संदीप तिवारी से विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने दूरभाष से जिलाधिकारी से वार्ता कर जानकारी लेते हुऐ संचार सेवा के विस्तार को लेकर किये जा रहे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने जनपद में प्रस्तावित पहुंच मार्गों के निर्माण को लेकर भी चर्चा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। गढवाल सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि चमोली जनपद के 9 स्थानों अनुसूया, गौणा चक धामकुमाला, हुडंग लग्गा सैंजी, भ्यूंडार, द्रोणागिरी, पांग चक लाता, सकंड, टोपिड़ूंगा, गरपक में ग्रामीणों की सुविधा के लिए संचार सेवा का विस्तार किया जाना है। इन स्थानों पर संचार सेवा के विस्तार के लिए बीएसएनएल की ओर से टावरों को स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने जिलाधिकारी को शीघ्र कार्रवाई करते हुए टावर स्थापित कर सभी स्थानों संचार सेवा सुचारू करने के निर्देश दिये हैं।

28 May 2025_Copy of Layout 1 5/28/2025 4:40 PM Page 7



# नरेश बंसल ने की सांसद आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा




**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने मंगलवार को राजपुर रोड़ स्थित वन मुख्यालय के मंथन सभागार में सांसद आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत जीवनवाला में संचालित कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने सांसद आदर्श ग्राम जीवनवाला में मूलभूत सुविधाओं का विकास के साथ ग्राम पंचायत को सभी विभागीय योजनाओं से शत प्रतिशत आच्छादित करने के निर्देश दिए।

सांसद ने सांसद आदर्श ग्राम के हर घर में सोलर लाइट लगाने के लिए उरेड़ा एवं विद्युत विभाग को पूरा प्रोजेक्ट तैयार करने के निर्देश दिए। ताकि आदर्श ग्राम के हर घर में बिजली का बिल शून्य हो और हर परिवार को इसका लाभ मिले। सांसद ने कहा कि इसके लिए अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता पड़ने पर सांसद निधि और सीएसआर फंड से इसकी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने सांसद आदर्श ग्रामों में सोलर लाइट के लिए सर्वे कराते हुए एक माह के भीतर इसका प्रस्ताव तैयार करने को कहा। अमृत सरोवर योजना की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि ग्राम पंचायत में निर्मित अमृत सरोवरों पर पर्यटन गतिविधि संचालित करने के लिए कार्ययोजना बनाई जाए। सौन्दर्यीकरण के साथ पर्यटक सुविधाएं जुटाते हुए अमृत सरोवरों को टूरिस्ट स्थल के रूप विकसित करें। इससे आदर्श ग्राम के लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार की सुविधा मिलेगी।

सांसद ने कहा कि ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) तैयार करने से पहले ग्राम पंचायत में महिला सभा एवं बाल सभा की अलग से बैठक आयोजित की जाए और जीपीडीपी में उनके प्रस्तावों को प्राथमिकता पर शामिल किया जाए। सांसद आदर्श ग्रामों में आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए प्रमुखता से काम किए जाए।

सांसद आदर्श ग्राम जीवनवाला एवं हरिपुर कलां में बैंकिग सुविधाओं के साथ लोगों के जनधन खाते, पीएम जीवन ज्योति, पीएम जीवन सुरक्षा बीमा से जोड़ा जाए। एनआरएलएम समूह और सहकारिता के अंतर्गत गठित सोसाइटियों को ऋण वितरण करते हुए लोगों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए काम किए जाए। विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस, ई–लर्निंग सुविधा के साथ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाया जाए। आदर्श ग्राम पंचायतों में वैलनेस सेंटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापना के साथ ही चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाया जाए।

सांसद ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सांसद आदर्श ग्रामों में विकास योजना के निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ प्राथमिकता पर पूर्ण किया जाए। जो कार्य पूर्ण कर लिए गए है उनकी जियोटैग फोटोग्राफ उपलब्ध करें। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने सांसद आदर्श ग्राम जीवनवाला में संचालित विकास कार्यो से मा0 सांसद को अवगत कराया। बताया कि सांसद आदर्श ग्राम जीवन वाला में विभिन्न विभागों के 93 कार्य स्वीकृत थे। इसमें से 87 कार्य पूर्ण हो गए है और 2 कार्य प्रगति पर है। जबकि जीवनवाला में खेल प्रोत्साहन, हाथी सुरक्षा दीवार, वन मोटर मार्ग निर्माण, जाखन नदी पर तार–जाल स्पर निर्माण के लिए खेल और वन विभाग को विभागीय बजट उपलब्ध न होने के कारण कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

## केएफसी के नए वैल्यू ऑफर के साथ एपिक टेस्ट और एपिक बचत पाएं

**देहरादून।** केएफसी सभी चिकन प्रेमियों के लिए एक एपिक ऑफर लेकर आया है! भारत में केएफसी के फैन्स अब ऑल–न्यू एपिक सेवर्स के साथ अपने पसंदीदा केएफसी का आनंद ले सकते हैं। यह ऑफर इतना बढ़िया है कि आप पूरे दिन 9 फॉर 299 रिपीट करते रहेंगे। क्यों? क्योंकि केएफसी एपिक सेवर्स चिकन प्रेमियों को केवल 299/– में 9 पीस फिंगर लिकिंग गुड चिकन का स्वाद दे रहा है। इसी अविश्वसनीय मूल्य में मिल रहे हैं 7 स्वादिष्ट बोनलेस चिकन स्ट्रिप्स और हॉट एंड क्रिस्पी चिकन के 2 क्रंची, ज्यूसी पीस। यह ऑफर भारत में केएफसी के सभी 1300प्लस रेस्टोरेंट्स में केवल डाइन–इन के लिए मान्य है। नई कैम्पेन फिल्म में सुपरस्टार एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और इंटरनेट के फनीमैन दानिश सैत दिखाई दे रहे हैं, जो अविश्वसनीय 9 फॉर 299 ऑफर देखकर खुशी से चीख उठते हैं। क्योंकि जब आपको एपिक टेस्ट और एपिक बचत दोनों एक साथ मिल सकते हैं।

## उत्तराखण्ड को मिली बड़ी सौगात, सिरकारी भ्योल रूपसिया बगड जल विद्युत परियोजना को मिली मंजूरी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पिथौरागढ़ जनपद में गौरीगंगा नदी पर प्रस्तावित 120 मेगावाट क्षमता की सिरकारी भ्योल रूपसिया बगड जल विद्युत परियोजना के लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी की लगातार कोशिशें आज रंग लाई। इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए 29.997 हेक्टेयर वन भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव पर आज वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वन सलाहकार समिति (Foresth A dvisory Committee) द्वारा विचार किया गया। नई दिल्ली स्थित इंदिरा पर्यावरण भवन में हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में परियोजना को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

यह परियोजना पर्यावरण की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील रूप से डिजाइन की गई है। लगभग एक किलोमीटर सुरंग निर्माण और अधिकांश संरचनाएं भूमिगत होने के कारण वन भूमि पर प्रभाव नगण्य रहेगा। परियोजना क्षेत्र में कोई राष्ट्रीय उद्यान, वन्यजीव अभ्यारण्य या ईको–सेंसिटिव जोन नहीं है, और न ही इससे किसी प्रकार का विस्थापन होगा। परियोजना से प्रतिवर्ष अनुमानित 529 मिलियन यूनिट हरित ऊर्जा का उत्पादन होगा, जिससे उत्तराखण्ड की विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ–साथ राज्य को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। साथ ही स्थानीय लोगों को स्थायी एवं अस्थायी रोजगार, आधारभूत ढांचे का विकास और पलायन पर नियंत्रण जैसे अनेक लाभ होंगे।

# मुख्यमंत्री धामी ने हरिद्वार और ऋषिकेश में दो ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक का किया उद्घाटन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार और ऋषिकेश में दो ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक ( एडीटीटी) का उद्घाटन किया। ये दोनों ट्रैक मारुति सुजुकी द्वारा अपनी सीएसआर पहल के तहत स्थापित किए गए हैं।



एडीटीटी ड्राइविंग लाइसेंस मूल्यांकन के लिए हाई–डेफिनिशन कैमरों और इंटीग्रेटिड आईटी सिस्टम से लैस हैं और इनमें मानव हस्तक्षेप नहीं है। यह तकनीक ड्राइविंग लाइसेंस चाहने वालों के लिए अधिक व्यापक, कुशल और पारदर्शी परीक्षण प्रक्रिया सुनिश्चित करती है। एडीटीटी (।क्ज्) में मूल्यांकन केंद्रीय मोटर वाहन नियमों (सीएमवीआर) के अनुसार किया जाता है। ये दोनों नए एडीटीटी लाइट मोटर व्हीकल और दो पहिया वाहनों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस परीक्षण की सुविधा प्रदान करेंगे। इन 2 एडीटीटी के ऑटोमेशन के अलावा, मारुति सुजुकी 2019 से देहरादून में एक एडीटीटी का संचालन करती है। देहरादून के एडीटीटी को उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री से 2019–2020 में उत्कृष्टता और सुशासन के लिए प्रशंसा मिल चुकी है। राज्य को दो नए एडीटीटी समर्पित करते हुए, उत्तराखंड सरकार के परिवहन सचिव बृजेश कुमार संत (आई.ए.एस.) ने कहा, "हम उत्तराखंड की सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और मारुति सुजुकी के एडीटीटी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण सहायक हैं। मारुति सुजुकी के साथ हमारा जुड़ाव 2009 से है, जब देहरादून में इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च की स्थापना की गई थी। एडीटीटी में व्यापक मूल्यांकन के साथ, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि केवल कुशल ड्राइवरों को ही ड्राइविंग लाइसेंस मिले।

# शिक्षा के मंदिरों को सशक्त बना रहा प्रशासन, बालवाड़ी को विद्युत कनैक्शन, प्रशासन के व्यय पर

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सीएम की प्रेरणा से, डीएम सविन बंसल निर्बल, असहायों की उम्मीद बन गए हैं। जिलाधिकारी ने प्रेमनगर बस्ती स्थित बालवाड़ी को पुनर्जीवित कर जहां गरीब असहाय बच्चों की शिक्षा एवं महिलाओं को आखर ज्ञान एवं कौशल विकास से जोड़ने हेतु कार्य कर रही दिव्य दिव्यांग महिला की हौसला बढाया है।



वहीं अब बालवाड़ी को विद्युत कनैक्शन जिला प्रशासन के खर्चे पर सयोंजन कराया है। इससे बस्ती के बच्चों महिलाओं के पठन–पाठन के लिए इस भीषण गर्मी में कूलर एवं पंखे की सुविधा मिलेगी। बालवाड़ी संचालिका दिव्यांग महिला ने 20 मई को डीएम ने मिलकर बालवाड़ी को विद्युत कनेक्शन लगाने का अनुरोध किया जिस पर अगले ही दिवस में प्रशासन द्वारा सभी औचारिकताएं पूर्ण कराते हुए बालवाड़ी में विद्युत कनेक्शन सयोंजन कर दिया है।

असहाय बालवाड़ी अब महक उठी है जंहा दिव्य दिव्यांग महिला बच्चों व महिलाओं का भविष्य संवारती है, जनता दिवस में आई थी दिव्यांग महिला नीता रानी, बालवाड़ी जीर्णोद्धार के लिए 50 हजार की सहायता मांगी थी तब डीएम ने 1 लाख धनराशि दी थी। इसके उपरान्त पुनः 30 हजार अतिरिक्त धनराशि भी डीएम ने जारी की थी। दिव्यांग महिला संचालिका के अनुरोध पर अब डीएम द्वारा बालवाड़ी के लिए विद्युत संयोजन किया है जिसका भार जिला प्रशासन व्यय करेगा। बच्चों के पठन–पाठन, बस्ती की महिला साक्षरता एवं कौशल विकास के लिए बहुउपयोगी बालवाड़ी को डीएम का सहारा मिलते ही बालवाड़ी महक उठी है।

बालवाड़ी जंहा दिव्यांग महिला बच्चों व महिलाओं का भविष्य संवारती है, बच्चों के पठन–पाठन, बस्ती की महिलाओं को साक्षरता एवं कौशल विकास के लिए बहुउपयोगी बालवाड़ी को जबसे डीएम का सहारा मिला है, मिलते ही बस्ती में साक्षरता रूपी फूल खिलने की उम्मीद बढ़ गई है। अभी बालवाड़ी में 50 से अधिक बच्चे हैं,जिनकी संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। जनता दर्शन जिलाधिकारी सविन बसंल ने दिव्यांग महिला नीता रानी जो बालवाड़ी में बस्तियों के बच्चों को साक्षर कर मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है जिनके कार्यों को डीएम ने सराहा है, ऐसे निचले वर्ग के बच्चों की शिक्षा एवं महिला साक्षरता तथा कौशल विकास के कार्य करने वाली संस्थाओं के लिए डीएम के नेतृत्व में जिला प्रशासन सदैव तत्पर है। डीएम ने बच्चों की शिक्षा एवं महिला साक्षरता एवं कौशल विकास के कार्यों को और अधिक वृहदस्तर पर करने की अपेक्षा की।

28 May 2025_Copy of Layout 1 5/28/2025 4:40 PM Page 8



# राजधानी दून में डिजिटल कला पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नॉर्मे प्लेसमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रेमनगर देहरादून में एक उच्च स्तरीय डिजिटल आर्ट कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन एलिएन पैराडॉक्स टेक्नोलॉजीज एलएलपी, ज्योतिस्वर्णिम वेलफेयर सोसाइटी, एनरोल मी नाउ तथा ऑसस्किल इंटरनेशनल होटल स्कूल के सहयोग से किया गया। कार्यशाला में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और संस्थानों से आए छात्र–छात्राओं, शिक्षकों तथा नवोदित डिजिटल कलाकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता दीपक कुमार, मुख्य परिचालन अधिकारी, एलिएन पैराडॉक्स टेक्नोलॉजीज एलएलपी, रहे। उन्होंने डिजिटल आर्ट, एनीमेशन, गेम डेवलपमेंट और पुस्तक डिज़ाइन के क्षेत्र में हो रहे तकनीकी विकास एवं भविष्य की संभावनाओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहाँ कि अपने लाइव डेमोंस्ट्रेशन और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रतिभागियों को डिजिटल उद्योग की वास्तविकताओं से परिचित कराया, जिससे युवाओं में इस क्षेत्र के प्रति गहरी रुचि और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विनीता नौडियाल निदेशक, एनरोल मी नाउ, विवेक कुमार शर्मा निदेशक, एलिएन पैराडॉक्स टेक्नोलॉजीज एलएलपी, शितांशु शेखर मुख्य तकनीकी अधिकारी, एलिएन पैराडॉक्स टेक्नोलॉजीज एलएलपी, ज्योति अध्यक्ष, ज्योतिस्वर्णिम वेलफेयर सोसाइटी, पुष्पा नेगी निदेशक, ऑसस्किल इंटरनेशनल होटल स्कूल तथा प्रशांत आर्य निदेशक, इमैजिनेशन एकेडमी ऑफ फाइन आर्ट ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इन सभी गणमान्य अतिथियों ने युवाओं को रचनात्मकता, नवाचार और कौशल विकास के महत्व को समझाते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। यह कार्यशाला डिजिटल क्षेत्र में करियर की संभावनाओं को तलाशने, रचनात्मकता को तकनीकी कौशल से जोड़ने और विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हुई। कार्यक्रम के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश गया कि आज के युग में डिजिटल प्रोफेशनल्स की मांग तेजी से बढ़ रही है और बहु–विषयक सहयोग अब शिक्षा व करियर विकास का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। नॉर्मे प्लेसमेंट्स प्रा.लि. इस प्रकार की पहल करके न केवल युवाओं को सशक्त बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, बल्कि शिक्षा और रोजगार के बीच सेतु का कार्य भी कर रहा है। कंपनी का यह प्रयास उत्तराखंड सहित सम्पूर्ण भारत में कौशल विकास और रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



कार्यशाला में प्रस्तुति देते प्रतिभागी।

## बेहतर पर्यटन सुविधाओं को विकसित करने के मुख्य सचिव ने दिए निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सचिवालय सभागार में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में व्यय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री की घोषणा के अंतर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के यमकेश्वर के अंतर्गत कौडियाला– व्यास घाट मोटर मार्ग किलोमीटर संख्या 1 में गंगा नदी पर सिंगटाली नामक स्थान पर 150 मीटर सेतु निर्माण कार्य का समिति द्वारा अनुमोदन किया गया।

मुख्य सचिव ने 5712.55 लाख रुपए की अनुमानित लागत से बनने वाले सेतु के संबंध में लोक निर्माण विभाग को सेतु निर्माण के लिए संबंधित पक्षों से समन्वय करते हुए तेजी से अग्रिम कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जागेश्वर धाम के रिवर फ्रंट डेवलपमेंट के कार्यों के प्रस्ताव का भी समिति द्वारा अनुमोदन किया गया। कुल 2119.27 लाख रुपए की लागत से किए जाने वाले रिवर फ्रंट डेवलपमेंट के कार्यों के संबंध में मुख्य सचिव ने पर्यटन विभाग को पर्यटकों के लिए बेसिक सुविधाओं के विकास कार्यों को तेजी से प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने रिवर फ्रंट डेवलपमेंट कार्यों के अंतर्गत नदी और मंदिर परिसर के आसपास तथा मंदिर प्रांगण, मंदिर के चारों ओर बेहतर पर्यटन सुविधाओं को विकसित करने के निर्देश दिए। बैठक में सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे, अपर सचिव लोक निर्माण विभाग विनीत कुमार, निदेशक वित्त जगत सिंह चौहान, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग राजेश शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## छात्राओं के अपहरण का प्रयास, 2 हिरासत में

**देहरादून।** ट्यूशन से घर लौट रही छात्राओं के अपहरण का प्रयास करने वाले दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है, जिनसे पूछताछ जारी है। जानकारी के अनुसार दोनों छात्राएं बिंदाल पुलिस स्टेशन क्षेत्र की रहने वाली है। जिनके अपहरण के प्रयास की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग एकत्रित हो गये। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर अपहरण का प्रयास करने में शामिल आरोपियों की तलाश में जुट गयी है। अपहरण के प्रयास की खबर फैलते ही भाजपा और हिन्दू संगठन के लोग चौकी पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। वहीं पुलिस ने चारों तरफ नाकाबंदी करते हुए अपहरण के प्रयास में इस्तेमाल वैन सहित दो लोगों को हिरासत में ले लिया है।

## न्यूज डायरी

### मंत्री जोशी ने किया देहरादून के विवेक विहार जाखन में टिन शेड एवं सौन्दर्यीकरण कार्य का शिलान्यास



**देहरादून।** मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड संख्या 06 दून विहार में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शिव मंदिर के टिन शेड एवं सौन्दर्यकरण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। मंत्री जोशी ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन की सुविधा और मूलभूत सुविधाओं विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि टीन शेड से स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में लगातार जन भावनाओं के अनुरूप कार्य किया जा रहा। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जितनी भी योजनाएं है, गरीब असहाय लोगों को केंद्रित कर बनाई गई है। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता युक्त और समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# नैनीताल में वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड

### चोरी की 9 बाइकों के साथ दो गिरफ्तार

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पुलिस ने एक सक्रिय बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड करते हुए गंगोली क्षेत्र से दो चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नौ चोरी की बाइकें बरामद की गई हैं। पकड़े गए दोनों चोर आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे है।

इसकी जानकारी देते हुए एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया पिछले कुछ समय से नैनीताल शहर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ रही थी। जिसके बाद एसपी सिटी के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन कर मामलों की जांच सौंपी गई। टीम ने करीब 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की और संभावित रूट और संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की।

जांच के बाद पुलिस को पता चला कि चोर गिरोह मंगोली क्षेत्र में सक्रिय है। इसके बाद पुलिस ने रणनीति बनाकर मंगोली में छापेमारी की। जहां से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि वे नैनीताल और आसपास के क्षेत्रों से बाइकें चोरी करते थे और उन्हें मंगोली के पास जंगल में छिपा देते थे। गिरफ्त में आए आरोपियों की पहचान घुग्घू खाम निवासी दीपक सिंह बिष्ट और बाजपुर बन्ना खेड़ा निवासी आकाश के रूप में हुई है। दोनों आपस में साढ़ू भाई हैं। पुलिस दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से 9 बाइकें बरामद की हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा का कहना है कि गिरोह का नेटवर्क और भी बड़ा हो सकता है और आने वाले समय में और भी खुलासे हो सकते हैं। एसएसपी ने खुलासा करने वाली टीम को ढाई हजार रुपए ईनाम देने की घोषणा की है।

पेज 01 का शेष...

## मुख्यमंत्री ने किया तीन दिवसीय पहले गजा घण्टाकर्ण महोत्सव का शुभारंभ

इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, लोकगीत/लोककलाओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नाटक की सुन्दर प्रस्तुति तथा झांकियों का सुन्दर प्रर्दशन किया गया। जिसके लिए मुख्यमंत्री ने बच्चों के माता–पिता और आयोजकों का आभार प्रकट किया और कहा कि उत्तराखंड का पहनावा और लोक संस्कृति को भी आगे बढ़ाना है। उत्तराखंड की माताओं और बहनों ने विदेश में जाकर भी हमारी संस्कृति को संजोकर रखा है। महोत्स में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये हैं, जिनके माध्यम से लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा स्थानीय मेधावी बच्चों को भी सम्मानित किया गया जिनका चयन एमबीबीएस, आईआईटी, एनआईटी, भारतीय नौसेना आदि में हुआ है। मुख्यमंत्री द्वारा शहीद विक्रम सिंह नेगी के गांव की सड़क का नाम उनके नाम पर रखने की घोषणा की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भाजपा उदय रावत, ब्लॉक प्रमुख प्रशासक, नरेन्द्रनगर राजेन्द्र भण्डारी, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, आयुष अग्रवाल, लोक गायक प्रीतम भरतवाण सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं क्षेत्रीय जनता मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com
डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19